# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 01 सितम्बर, 2026/10, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न 56**

----

## पदपूर्ति

***4618 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें;

(ख) नागरिक अस्पताल राजगढ़ में अल्ट्रासाउंड मशीन की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं, आधुनिक जांच सुविधाएं एवं आपातकालीन सेवाएं बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो, कब तक ब्यौरा दें?

----

## Field Assistants Vacant Post

*4619 **Sh. Ashish Butail(Palampur) :**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that CSKHPKV, Palampur is facing a shortage of teaching and non-teaching staff and posts of different categories are lying vacant for a long time; if so, the vacancy position against each post and the steps being taken by the Government to fill-up the vacant posts be given; and

(b) is it also fact that CSKHPKV authority has moved the case for permission to fill-up these posts on compassionate ground for class-III posts?

----

## राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय दलाश

*4620 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय, दलाश के भवन का निर्माण प्रस्तावित है; यदि हां, तो इसके भवन निर्माण हेतु भूमि चयन एवं हस्तांतरण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा भूमि का क्षेत्रफल कितना है;

(ख) इसके भवन निर्माण हेतु प्रशासनिक, तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी हैं; यदि हां, तो निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत, प्रावधित एवं व्यय की गई है तथा निर्माण कार्य कब तक आरम्भ व पूर्ण किया जाएगा; यदि कार्य आरम्भ नहीं हुआ है तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) वर्तमान में इस महाविद्यालय की कक्षाएं किस भवन/स्थान पर संचालित हो रही हैं तथा वहां पर क्या विद्यार्थियों को प्रयोगशाला, वर्कशॉप एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं या नहीं; स्थायी भवन के निर्माण एवं सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु सरकार की समयबद्ध कार्य योजना क्या है; ब्यौरा दें?

----

## मल्टी टास्क वर्कर

*4621 **श्री आर.एस. बाली (नगरोटा):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में जल शक्ति विभाग के अंतर्गत कितने मल्टी टास्क वर्कर कार्यरत हैं; इनमें से कितने कर्मचारी कितने वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं; और

(ख) क्या सरकार इन कर्मचारियों की सेवाओं को नियमित करने अथवा इन्हें नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## सड़क चौड़ीकरण

***4622 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सुलह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ठाकुरद्वारा से सुजानपुर होकर हमीरपुर सड़क के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इस सड़क/मार्ग की प्रस्तावित चौड़ाई कितनी है;

(ख) इस सड़क परियोजना हेतु सरकार/केंद्रीय एजेंसी द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; आबंटित व व्यय धनराशि का पृथक-पृथक ब्यौरा दें;

(ग) क्या सरकार द्वारा इस परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण या वन भूमि स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है; यदि नहीं, तो अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(घ) इस सड़क मार्ग के निर्माण व चौड़ीकरण कार्य की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति क्या है तथा इस कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## चंद्रताल वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र

***4623 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चंद्रताल वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों से कितना-कितना शुल्क लेने का प्रावधान किया गया है; श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक इसके तहत कितनी धनराशि एकत्रित की जा चुकी है; इस धनराशि में से कितनी प्रतिशत इस क्षेत्र के विकास कार्यों हेतु व्यय की जा चुकी है तथा इस धनराशि से अन्य क्या-क्या कार्य करवाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## कीटनाशक

***4624 श्री विनोद कुमार (नाचन) :**
**श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर) :**
**श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) हिमाचल प्रदेश में कृषि एवं बागवानी फसलों में कीटनाशकों, खरपतवारनाशकों एवं शाकनाशकों के उपयोग हेतु फसलवार निर्धारित मात्रा एवं मापदंड क्या हैं तथा इनके अत्यधिक उपयोग को नियंत्रित करने एवं फल/सब्जियों में कीटनाशक अवशेषों की जांच हेतु क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार के पास प्रदेश में, विशेषकर सेब एवं सब्जी उत्पादक जिलों में कैंसर के मामलों में वृद्धि का कोई आंकड़ा है; यदि हां, तो जिलावार ब्यौरा दें;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक मक्की की फसल के रोग एवं फाल आर्मी वर्म कीट के प्रकोप से किसानों को कितना नुकसान हुआ तथा कितने जिले प्रभावित हुए हैं; विशेषकर बिलासपुर जिले में इस वर्ष कितनी-कितनी खरीफ की फसल प्रभावित हुई है तथा विभाग द्वारा इसकी भरपाई एवं निदान हेतु क्या-क्या पग उठाए गए तथा किसानों को कितना लाभ हुआ; और

(घ) प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु विभाग द्वारा बीज की खरीद कहां से की जाती है, उसके प्राकृतिक होने का प्रमाण कैसे लिया जाता है तथा पंजीकृत बीज प्रमाणन केंद्र कहां-कहां खोले गए हैं; स्थानवार ब्यौरा दें?

----

## कार्यालय

***4625 श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार कुटलैहड़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सब-जज कोर्ट, डी0एस0पी0 तथा लोअर कुटलैहड़ क्षेत्र के बसाल में पुलिस थाना खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## सचिव / तकनीकी सहायक

***4626 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सभी पंचायतों में सचिव तथा तकनीकी सहायक स्वतंत्र प्रभार से कार्यरत हैं या एक-एक सचिव/ तकनीकी सहायक के पास एक से अधिक पंचायतें दी गई हैं; यदि हां, तो पंचायतवार ब्यौरा दें;

(ख) ऐसी कितनी पंचायतें हैं, जहां पर सचिव/तकनीकी सहायक नहीं हैं प्रत्येक सचिव/ तकनीकी सहायक के पास कितनी व कौन-कौन सी पंचायतों का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है तथा प्रत्येक सचिव / तकनीकी सहायक के हेडक्वार्टर का नाम व पंचायत सहित ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार इन पंचायतों में सचिव/ तकनीकी सहायक नियुक्त करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## वित्तीय लाभ

***4627 श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा वाइल्ड फ्लावर हॉल, किशाऊ बांध परियोजना तथा भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से संबंधित बकाया राशि के मामलों में क्या-क्या पग उठाए गए तथा इससे प्रदेश को कितना वित्तीय लाभ प्राप्त हुआ है; ब्यौरा दें?

----

## मेलों का आयोजन

***4628 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में जिला, राज्य, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कुल कितने मेले हैं, ये कहां-कहां आयोजित किए जाते हैं; नाम व स्थान सहित ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार इन मेलों के आयोजन हेतु धनराशि प्रदान करती है; यदि हां, तो कितनी-कितनी धनराशि किस-किस स्तर के मेले हेतु दी जाती है; ब्यौरा दें?

----

## पर्यटन विकास योजना

***4629 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक पर्यटन विभाग द्वारा मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी पर्यटन विकास परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं; इनकी स्वीकृत लागत एवं किए गए व्यय का परियोजनावार ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार द्वारा यहां बढ़ती पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल, यातायात प्रबंधन, वेस्ट मैनेजमेंट, पैदल मार्ग एवं अन्य मूलभूत पर्यटन सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु कोई विशेष योजना बनाई गई है;

(ग) क्या पर्यटन सीजन के दौरान मनाली, सोलंग घाटी, रोहतांग एवं अटल टनल क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन हेतु पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है; और

(घ) क्या सरकार स्थानीय युवाओं एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को होम-स्टे, साहसिक पर्यटन एवं अन्य पर्यटन गतिविधियों के माध्यम से रोज़गार के अवसर बढ़ाने हेतु नई योजनाएं शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

\----

## सीवरेज योजना

***4630 श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बिलासपुर शहर में सीवरेज योजना की अद्यतन स्थिति क्या है; इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु कौन सी एजेंसी कार्य कर रही है; इस योजना के तहत रेस्टोरेशन का कार्य कौन कर रहा है तथा यह काम कितने प्रतिशत हुआ है; ब्यौरा दें; और

(ख) यहां पाइपलान बिछाने का कार्य कर रही आर0जी0 इंडस्ट्री कंपनी का पंजीकृत कार्यालय कहां स्थित है; जिस भवन में कंपनी अपने ऑफिस का काम संचालित कर रही है, उसके मकान मालिक के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

\----

## पेयजल

***4631 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कितने पेयजल उपभोक्ता हैं व इन क्षेत्रों में पानी की क्या दरें

निर्धारित हैं; और

(ख) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क पेयजल सुविधा उपलब्ध है; यदि नहीं, तो इसकी क्या दरें निर्धारित की गई हैं?

----

## सी0ए0 स्टोर

***4632 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत संदासु में सी0ए0 स्टोर का निर्माण प्रस्तावित था; यदि हां, तो क्या यहां इस स्टोर के निर्माण हेतु चिन्हित भूमि उपयुक्त नहीं है; ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार संदासु के स्थान पर आंध्रा में सी0ए0 स्टोर का निर्माण करने का विचार रखती है?

----

## प्रधानमंत्री आवास योजना

***4633 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 31.03.2026 तक डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कितने परिवारों को आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई; लाभार्थी परिवार, खंडवार एवं पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि इस निर्वाचन क्षेत्र में इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में स्वीकृत आवास निर्माण हेतु तय ₹1.50 लाख रुपये की धनराशि में से लाभार्थी परिवारों को प्रदेश सरकार की ओर से भी अंशदान/धनराशि देय है; यदि हां, तो लाभार्थियों को प्रदेश सरकार के हिस्से की इस धनराशि का भुगतान किया गया है या नहीं; यदि भुगतान लंबित है, तो सरकार द्वारा इसका भुगतान कब तक कर दिया जाएगा?

----

## लोक निर्माण विभाग धर्मपुर

***4634 श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा धर्मपुर में विभिन्न भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक विभिन्न भवनों जैसे राजस्व भवन, स्कूल, संयुक्त कार्यालय

भवन, अस्पताल तथा अन्य भवनों पर कितना व्यय किया गया व इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## सैनिक स्कूल

***4635 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सैनिक स्कूल सुजानपुर हिमाचल प्रदेश में मेस, स्विमिंग पूल एवं अन्य सेवाओं को आउटसोर्स किए जाने के कारण फीस एवं अन्य शुल्कों में लगातार वृद्धि हो रही है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक सैनिक स्कूल सुजानपुर में वर्षवार फीस एवं अन्य शुल्क का ब्यौरा दें;

(ख) मेस, स्विमिंग पूल एवं अन्य सेवाओं को आउटसोर्स करने पर वर्षवार कितना व्यय हुआ तथा इससे विद्यार्थियों पर कितना अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ा है;

(ग) क्या सरकार द्वारा सैनिक स्कूलों की फीस कम करने तथा आर्थिक रूप से कमजोर एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को फीस में राहत/छात्रवृत्ति देने का प्रस्ताव विचाराधीन है; ब्यौरा दें?

----

## तटीकरण परियोजना

***4636 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार द्वारा गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत व्यास नदी की सहायक खड्डों के तटीकरण परियोजना की स्वीकृति हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता

***4637 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से विभिन्न विभागों को विकास कार्यों हेतु भेजी गई विधायक प्राथमिकताओं/अनुशंसाओं का विभागवार एवं तिथिवार ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से कितनी प्राथमिकताओं को स्वीकृति मिली तथा कितनी लंबित/अस्वीकृत हैं; विभागवार कारण सहित ब्यौरा दें;

(ग) क्या यह सत्य है कि इस अवधि में प्रदेश के अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों से प्राप्त

प्राथमिकताओं को स्वीकृति प्रदान की गई है; यदि हां, तो विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार प्राप्त, स्वीकृत प्राथमिकताओं तथा स्वीकृति प्रतिशत का ब्यौरा दें; और

(घ) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लंबित विकास प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय कब तक ले लिया जाएगा; विभागवार एवं संभावित समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

----

**बस रूट**

***4638 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में हिमाचल पथ परिवहन निगम के कितने बस रूट बंद किए गए अथवा इनकी सेवाओं में कितनी कटौती की गई; इनमें से ग्रामीण व दूर-दराज क्षेत्रों के कितने बस रूट हैं; निगम का कुल घाटा कितना है तथा घाटे को कम करने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गई है?

----

**भूमि हस्तांतरण**

***4639 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आई0एस0बी0टी0 बद्दी की भूमि हिमाचल प्रदेश हिमुडा के नाम हस्तांतरित हो चुकी है; यदि हां, तो इस बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक शुरु कर दिया जाएगा?

----

**हाइड्रो पावर प्रोजैक्ट**

***4640 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कितने हाइड्रो पावर प्रोजैक्ट स्वीकृत हुए हैं; जिनका निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है;

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सेईकोठी हाइड्रो पावर प्रोजैक्ट का गत वर्ष शिलान्यास किया गया है, जिसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है; कारण सहित ब्यौरा दें;

(ग) इस हाइड्रो पावर प्रोजैक्ट में सरकार भूमि अधिग्रहण हेतु भूमि मालिकों को प्रति बिस्वा कितना मुआवजा देने का विचार रखती है व स्थायी रोज़गार किस आधार पर भूमि मालिकों को देने की योजना है; और

(घ) चांजू द्वितीय हाइड्रो पावर प्रोजैक्ट जिसका शिलान्यास किया गया है, उसके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; इस प्रोजैक्ट में कितने स्थानीय लोगों को स्थायी व अस्थायी रोज़गार दिया गया है; संख्यावार ब्यौरा दें?

----

## HP Police Communication & Technical Services

***4641 Sh. Bikram Singh (Jaswan-Paragpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that Assistant Sub-Inspectors (ASI), Sub-Inspectors (SI), and Inspectors serving in the HP Police Communication & Technical Services have faced severe promotion stagnation due to direct recruitment being conducted at upper promotional ranks;

(b) if so, what is the existing post-wise ratio between Direct Recruitment Quota and Departmental Promotion Quota for the posts of Sub-Inspector, Inspector, and Deputy Superintendent of Police (DSP - Technical) under the current Recruitment and Promotion (R&P) Rules;

(c) what is the total number of vacancies in these technical ranks currently earmarked for direct recruitment versus Departmental promotion, along with the length of time these promotional posts have remained unfilled; and

(d) what concrete steps or amendments to the R&P Rules is the Government taking to prioritize in-service Departmental promotions over direct recruitment to relieve career stagnation in the Wireless Wing; details be given?

----

## आर0डी0एस0एस0 योजना

***4642 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में आर0डी0एस0एस0 योजना के तहत विद्युत विभाग द्वारा कितने स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 01.08.2026 तक कितने स्मार्ट मीटर लगाए जाने शेष हैं तथा अब स्मार्ट मीटर न लगने के क्या कारण हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## सड़कों की नालियां

***4643 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जलशक्ति विभाग द्वारा सड़कों की नालियों में पाइप्स डालने से उत्पन्न स्थिति हेतु क्या सरकार कोई नई नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाएं

***4644 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत कितनी पेयजल योजनाएं/कार्य स्वीकृत किए गए; प्रत्येक योजना/कार्य का नाम, स्थान, ग्राम/पंचायत, स्वीकृत धनराशि एवं स्वीकृति का वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) इन योजनाओं/कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि में से कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है;

(ग) जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं एवं कितने निर्माणाधीन हैं तथा कितने कार्य आरंभ नहीं हुए हैं; ग्राम, पंचायतवार/योजनावार कार्यों का ब्यौरा दें; और

(घ) योजनाओं के लंबित रहने के क्या कारण हैं तथा इन्हें पूर्ण करने की संभावित समय-सीमा क्या है व कितने घरों को जल जीवन मिशन के तहत नल से जल की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है तथा कितने घर इससे वंचित हैं; ब्यौरा दें?

----

## भूमि राजस्व अभिलेख

***4645 श्री विनोद सुल्तानपुरी (कसौली):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला सोलन के सुबाथू स्थित भूमि राजस्व अभिलेखों के अनुसार प्रदेश सरकार के नाम दर्ज है; यदि हां, तो राजस्व अभिलेखों का ब्यौरा दें;

(ख) उपरोक्त भूमि प्रदेश सरकार के नाम दर्ज होने के बाबजूद 14 गोरखा प्रशिक्षण केन्द्र सुबाथू द्वारा स्थानीय जनता को भूमि उपयोग हेतु अनुमति किस आधार पर प्रदान की जा रही है तथा इन्हें किसके द्वारा अधिकृत किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) इस मैदान के चारों ओर किसकी अनुमति से चारदीवारी लगाई जा रही है; ब्यौरा

स्वीकृति आदेश व व्यय की जा रही धनराशि सहित दें?

----

## मोबाइल डाटा भत्ता

***4646 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु मोबाइल डाटा भत्ता शुरू किया है; यदि हां, तो कब से तथा किन-किन अधिकारियों/कर्मचारियों को यह भत्ता दिया गया है; ब्यौरा इस निर्णय को लागू करने के पीछे के कारणों सहित दें;

(ख) उक्त भत्ते को आरम्भ करने से पूर्व मोबाइल डाटा की आधिकारिक आवश्यकता तथा वास्तविक उपयोग के संबंध में कोई अध्ययन या मूल्यांकन करवाया गया था; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ग) इस भत्ते हेतु पात्र अधिकारियों/कर्मचारियों का चयन किस आधार पर होगा; ब्यौरा इनको देय भत्ते की दर व पात्र श्रेणियों को चुनने हेतु अपनाए गए मापदंडों सहित दें; और

(घ) क्या सरकार कर्मचारियों की अन्य श्रेणियों तक भी इस भत्ते का विस्तार करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## पी0पी0पी0 पार्किंग परियोजनाएं

***4647 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में पर्यटन विभाग अथवा ए0डी0बी0 एवं अन्य सरकारी योजनाओं के तहत पार्किंग परिसंपत्तियों में से कितनी पार्किंग परियोजनाएं पी0पी0पी0 मोड पर लीज/कन्सेशन के आधार पर निजी संचालकों को दी गई हैं तथा इनमें से कितनी कार्यशील हैं; इन पी0पी0पी0 पार्किंग परियोजनाओं का जिलावार एवं स्थानवार, संबंधित परियोजनावार, निजी संचालक का नामवार, लीज/कन्सेशन की अवधिवार ब्यौरा दें;

(ख) उक्त परियोजनाओं से सरकार को प्राप्त होने वाली निर्धारित लीज़ राशि, कन्सेशन फीस अथवा राजस्व हिस्सेदारी कितनी है तथा गत तीन वित्तीय वर्षों एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में सरकार को वास्तव में प्राप्त राजस्व का परियोजनावार एवं वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) क्या पार्किंग परियोजनाओं में सरकार को देय लीज़ राशि, कन्सेशन फीस, राजस्व हिस्सेदारी अथवा अन्य देय राशि निर्धारित समयावधि के पश्चात भी लंबित है; यदि हां, तो परियोजनावार कितनी राशि लंबित है; और

(घ) सरकार को देय एवं लंबित राशि की वसूली हेतु अब तक क्या कार्रवाई की गई है तथा

परियोजनाओं से निर्धारित राजस्व की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु निगरानी, लेखा-परीक्षण एवं वसूली की क्या व्यवस्था लागू है?

----

## बस रूट

***4648 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सिराज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत दिसम्बर, 2022 तक हिमाचल पथ परिवहन निगम के कुल कितने रूटों पर बसें चलती थीं तथा उनमें से वर्तमान सरकार के साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान कितने बस रूटों पर बस सेवाएं बंद हुई हैं; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

***4649 श्री नीरज नैय्यर (चम्बा) :**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि रोज़गार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चम्बा सहित प्रदेश के अन्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में इंस्ट्रक्टर/ट्रेनर के पद रिक्त होने के कारण राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के ट्रेडों में प्रवेश बंद कर दिया गया है; यदि हां, तो रिक्त पदों को आउटसोर्स अथवा अन्य व्यवस्था से भरकर प्रवेश पुनः आरम्भ करने का विचार है; यदि हां, तो कब तक;

(ख) वर्ष, 2025 में महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चम्बा में ट्रेडों के विलय के कारण सिलाई तकनीक, कपड़े बनाना एवं एस0ओ0टी0 ट्रेडों में सत्र, 2026 में प्रवेश नहीं दिया गया है; यदि हां, तो क्या सरकार आगामी सत्र 2026-27 में इन ट्रेडों में पुनः प्रवेश आरम्भ करने का विचार रखती है; और

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक इस संस्थान में कितने विद्यार्थियों/प्रशिक्षुओं को प्रवेश दिया गया; वर्षवार एवं ट्रेडवार ब्यौरा दें?

----

## राजकीय डिग्री कॉलेज बड़सर

***4650 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक राजकीय महाविद्यालय बड़सर में विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों की कितनी संख्या दर्ज हुई है; क्या छात्र संख्या इससे पूर्व के तीन वर्षों की तुलना में अधिक अथवा कम है; यदि कम है, तो छात्र संख्या में कमी के क्या कारण हैं तथा छात्र संख्या बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) इस राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) क्या इस कॉलेज में खेल मैदान के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है; यदि नहीं, तो इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है तथा निर्माण कार्य में विलंब के क्या कारण हैं; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें?

----

## सोलन–मिनस मार्ग

***4651 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सोलन–मिनस मार्ग पर सनौरा से छोगटाली ग्राम पंचायत तक सड़क मार्ग की चौड़ाई एवं सुधारीकरण को विधायक प्राथमिकता में शामिल किया गया है; यदि हां, तो इस सड़क के सुधारीकरण हेतु क्या प्रयास किए गए, कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गई, कार्य किस स्तर पर लंबित है तथा इसे कब तक आरंभ एवं पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मरयोग–नारग–घरयार सड़क मार्ग पर सुरक्षा दीवार एवं पुलियों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## बाढ़ की घटनाएं

***4652 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) लाहौल और स्पिति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत म्याड घाटी में इस वर्ष

कितनी बार बाढ़ की घटनाएं घटित हुई हैं तथा बाढ़ के कारण कितना व किस प्रकार का नुकसान दर्ज किया गया; और

(ख) इन नुकसानों की भरपाई हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितना कार्य पूर्ण किया जा चुका है?

----

## सेवा एवं भर्ती नियम

***4653 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा तथा भारतीय वन सेवा में कितने अधिकारी कौन-कौन से पदों पर कार्यरत हैं; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक कितने अधिकारियों को सेवा एवं भर्ती नियमों में छूट प्रदान कर पदोन्नति प्रदान की गई है; नाम व पदनाम सहित ब्यौरा दें?

----

## री-रडोह पुल निर्माण कार्य

***4654 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि झण्डुता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत री-रडोह पुल का निर्माण कार्य कब आरंभ हुआ; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था; इस पुल को कब तक बरठीं क्षेत्र से जोड़ कर चालू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## लठियाणी-मंदली पुल

***4655 श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कुटलैहड़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लठियाणी-मंदली पुल के निर्माण से लठियानी बाजार पूर्णतः बाहर हो रहा है; यदि हां, तो पुल निर्माण उपरान्त इस क्षेत्र के दर्जनों गांवों हेतु संपर्क मार्गों तथा लठियानी बाजार हेतु संपर्क मार्ग की क्या योजना है?

----

## बस सुविधा

***4656 श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सड़कें हैं, जिनका लोक निर्माण विभाग द्वारा फिटनेस सर्टिफिकेट देने के उपरान्त हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा विधिवत् उद्घाटन कर लिया गया है; और

(ख) यह सत्य है कि उपरोक्त सड़कों पर बसें नहीं चल पा रही हैं, जिस कारण स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो सरकार कब तक इन सड़कों पर बस सेवा को बहाल करने का विचार रखती है?

----

## नशा तस्करी

***4657 श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा पुलिस जिला नूरपुर को सुदृढ़ करने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) पुलिस जिला नूरपुर में विभिन्न श्रेणियों के स्वीकृत पदों में से कितने पद रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) क्या सरकार पुलिस जिला नूरपुर में नशा तस्करी की रोकथाम हेतु नाकाबंदी, गश्त, डिटेक्शन व त्वरित कार्रवाई हेतु समर्पित हल्के मोटर वाहन उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## वित्त आयोग

***4658 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश सरकार ने 15वें वित्त आयोग से पंचायती राज संस्थाओं को जारी की गई धनराशि को अन्य विभागों में परिवर्तित कर दिया है; यदि हां, तो किस-किस विभाग को कितनी-कितनी धनराशि परिवर्तित की गई; इस संबंध में जारी अधिसूचनाओं की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता

***4659 श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, होम-स्टे एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य गुणवत्ता, स्वच्छता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक कितने निरीक्षण एवं खाद्य नमूने लिए गए, कितने सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए तथा दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें;

(ख) क्या पर्यटन सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अस्वच्छता की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाता है; ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार मनाली में नियमित खाद्य पदार्थों की जांच हेतु मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब अथवा विशेष निरीक्षण दल मुहैया करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## हिमकेयर व सहारा योजना

***4660 श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमकेयर तथा सहारा योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; क्या वर्तमान में हिमकेयर एवं सहारा योजनाएं संचालित की जा रही हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक हिमकेयर तथा सहारा योजना के कितने लाभार्थी हैं;

(ग) प्रदेश के अस्पतालों में हिमकेयर एवं सहारा योजनाओं से जुड़ी कितनी देनदारियां लम्बित हैं; ब्यौर दें; और

(घ) क्या सहारा योजना के लाभार्थियों को प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## होटल की बिल्डिंग

***4661 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सूंगरी में 25 से 30 वर्ष पूर्व पर्यटन के होटल की बिल्डिंग बननी आरंभ हुई थी, जिसका शेष निर्माण कार्य पूर्ण नहीं

किया गया है; यदि हां, तो इस निर्माण कार्य को सरकार कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है; और

(ख) इस होटल का निर्माण जिस स्थान पर किया जा रहा है, वह जमीन किस विभाग के नाम पर दर्ज है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## मनरेगा

***4662 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वित्तीय वर्ष में आपदा के दौरान विकास खंड सलूणी में मनरेगा/ वी0बी0-जी0 राम जी0 (MGNREGA/VB-G RAM G) योजना तथा विशेष आपदा राहत कोष के अभिसरण से कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई; आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण हेतु दोनों मदों से व्यय की गई धनराशि का ग्राम व पंचायतवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में इस योजना के तहत कितने प्रभावित परिवारों को रोज़गार व वित्तीय सहायता प्रदान की गई; परिवारवार किए गए भुगतान का ब्यौरा दें; और

(ग) क्या वी0बी0-जी0 राम जी0 (VB-G RAM G) व्यवस्था लागू होने के उपरांत आपदा प्रभावित परिवारों को 125 दिनों के अतिरिक्त रोज़गार दिवस प्रदान करने या उनके बकाया मानदेय भुगतान में किसी प्रकार का विलंब हुआ है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## क्रशर एवं खनन से राजस्व

***4663 श्री चंद्र शेखर (धर्मपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि खनन व आबकारी विभाग खनन से राजस्व एकत्रित करता है; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक धर्मपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में क्रशर व खनन से कितना राजस्व एकत्रित किया गया तथा इसमें से कितना राजस्व इस निर्वाचन क्षेत्र में व्यय किया गया; ब्यौरा दें?

----

## पेखूबेला सौर परियोजना

***4664 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :**
**श्री लोकेन्दर कुमार (आनी) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पेखूबेला सौर ऊर्जा परियोजना का शिलान्यास, निर्माण आरम्भ एवं व्यावसायिक

संचालन कब-कब हुआ; परियोजना की स्वीकृत एवं संशोधित लागत तथा दिनांक 01.08.2026 तक इस पर कितना व्यय किया गया है; ब्यौरा दें;

(ख) इस सौर ऊर्जा परियोजना का निर्माण किस कंपनी/एजेंसी द्वारा किया गया तथा निविदा कब जारी एवं आबंटित की गई; निविदा एवं कार्यादेश की प्रति सहित ब्यौरा दें;

(ग) इसकी निर्माण एजेंसी को कब-कब व कितनी-कितनी धनराशि का भुगतान किया गया; भुगतान की तिथि एवं मदवार ब्यौरा दें;

(घ) यह सत्य है कि इस परियोजना में उचित जल निकासी एवं प्रबंधन न होने तथा शुरुआती दौर में वित्तीय एवं तकनीकी खामियों के आरोप लगे है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; कृत कार्रवाई से संबंधित दस्तावेजों की प्रतियों सहित ब्यौरा दें; और

(ङ) इस परियोजना से उत्पादन आरम्भ होने के उपरान्त माहवार विद्युत उत्पादन, विद्युत बिक्री, प्राप्त राजस्व, शुद्ध लाभ/हानि तथा सरकार को प्राप्त आय का ब्यौरा दें; क्या सरकार इसकी जांच माननीय उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश की निगरानी में करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## प्राथमिक विद्यालय

***4665 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला ऊना के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या के आधार पर शीर्ष 20 पर कौन-कौन से विद्यालय हैं; विद्यालयों के नामवार व संख्यावार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या इन विद्यालयों में बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हेतु कोई विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं?

----

## मनरेगा मज़दूरी

***4666 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा श्रमिकों हेतु ₹320 प्रतिदिन की मजदूरी दर घोषित किए जाने के बावजूद भी अनेक श्रमिकों को केवल ₹247 प्रतिदिन की दर से ही भुगतान किया गया तथा शेष राज्यांश धनराशि का भुगतान अब तक लंबित है;

(ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में जिला चम्बा के पांगी तथा भरमौर में खंडवार घोषित मनरेगा मजदूरी दर तथा वास्तविक भुगतान की गई मजदूरी दर का ब्यौरा दें;

(ग) राज्यांश के रूप में देय व लंबित धनराशि कितनी है; जिलावार तथा वित्तीय वर्षवार ब्यौरा दें;

(घ) चम्बा जिले के पांगी तथा भरमौर विकास खंडों में कितने मनरेगा श्रमिकों का राज्यांश भुगतान लंबित है एवं उनकी कितनी धनराशि देय है तथा राज्यांश की लंबित धनराशि का भुगतान अब तक क्यों नहीं किया गया; इस हेतु कौन-कौन से प्रशासनिक अथवा वित्तीय कारण उत्तरदायी हैं; और

(ङ) क्या सरकार मनरेगा श्रमिकों की लंबित राज्यांश धनराशि एकमुश्त जारी करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसकी संभावित समय-सीमा क्या है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## भवन निर्माण

***4667 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पशु औषधालय चण्डी के भवन निर्माण कार्य हेतु जो 5 लाख रुपये की धनराशि लोक निर्माण विभाग को जारी की गई है, उस धनराशि से निविदा लगाना सम्भव नहीं है; यदि हां, तो इस भवन निर्माण कार्य को आरम्भ करने हेतु 25 प्रतिशत धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी?

----

## बंद संस्थान

***4668 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला चम्बा में सरकार द्वारा सरकारी संस्थान बंद किए गए हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक इन संस्थानों का पुनः सर्वेक्षण करके इन्हें खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें; और

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत मंडल तीसा, डिग्री कॉलेज मसरूंड, विकास खंड कोटी, पी0एच0सी0 कोहाल व बैरागढ़ तथा कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तीसा को सरकार कब तक पुनः खोलने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## पशु चिकित्सा संस्थान

***4669 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने पशु चिकित्सालय एवं पशु औषधालय संचालित हैं तथा कितने वेटरिनरी पॉलीक्लिनिकों का निर्माण कार्य किया जा रहा है; इस क्षेत्र में कितने पशु चिकित्सा संस्थान स्वीकृत एवं कितने कार्यरत हैं तथा इनमें पदवार स्वीकृत एवं रिक्त पदों का संस्थानवार ब्यौरा दें;

(ख) इन वेटरिनरी पॉलीक्लिनिकों को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति कब प्रदान की गई; इनकी स्वीकृत लागत कितनी है तथा निर्माण कार्य कब आरम्भ किया गया;

(ग) इन पॉलीक्लिनिकों के निर्माण कार्य पर दिनांक 01.08.2026 तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा इसकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) इन पॉलीक्लिनिकों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर इन्हें जनहित में समर्पित किए जाने की संभावना है?

----

## भवन निर्माण

***4670 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत तहसील चौपाल, नेरवा, कुपवी, उप-तहसील देहा तथा ब्लॉक मतियाना, तहसील ठियोग में राजस्व विभाग के नए/अतिरिक्त भवन अथवा भवन विस्तार हेतु कितने कार्य स्वीकृत किए गए हैं; कार्यालयवार भवन/कार्य का नाम, स्थान एवं स्वीकृत धनराशि सहित ब्यौरा दें;

(ख) इन कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि में से अब तक कितनी व्यय की जा चुकी है तथा कितनी शेष है; कार्यालयवार ब्यौरा दें;

(ग) इन भवन निर्माण कार्यों में से कितने पूर्ण, कितने निर्माणाधीन तथा कितने आरंभ नहीं हुए हैं; कार्यवार वर्तमान स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(घ) स्वीकृति एवं धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद भी लंबित कार्यों के क्या कारण हैं तथा इन्हें कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; कार्यवार समय-सीमा सहित ब्यौरा दें; और

(ङ) क्या इन क्षेत्रों में नए भवन अथवा भवन के विस्तार हेतु प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं; यदि हां, तो कार्यालयवार स्थान, अनुमानित लागत एवं वर्तमान स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## PHC Pratha

***4671 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state how many posts of different categories are sanctioned and lying vacant in PHC Pratha; by when these vacant posts will be filled up?

----

## छेड़खानी

***4672 श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में विद्यालय व महाविद्यालय स्तर के कितने अध्यापकों के विरुद्ध बच्चियों/छात्राओं से छेड़खानी की शिकायतें प्राप्त हुई हैं; अध्यापकों के नाम तथा विद्यालय/ महाविद्यालयों के नाम सहित जिलावार व पतेवार ब्यौरा दें;

(ख) सरकार द्वारा इनके विरुद्ध क्या अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई व क्या इनके विरुद्ध आपराधिक मामले भी दर्ज किए गए हैं; ब्यौरा मामलावार व जिलावार दें; और

(ग) सरकार इन मामलों की शीघ्र सुनवाई हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## दिव्यांग पंप ऑपरेटर

***4673 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के जल शक्ति विभाग में पंप ऑपरेटर से फोरमैन पद पर पदोन्नति हेतु दिनांक 09.04.2026 की अधिसूचना संख्या आई0पी0एच0(ए)2(बी)2-79/2017-एल0 द्वारा फोरमैन के पद को दिव्यांग व्यक्तियों की पदोन्नति हेतु 4 प्रतिशत आरक्षण हेतु चिन्हित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो अधिसूचना जारी होने के उपरांत जल शक्ति विभाग के कितने पात्र दिव्यांग पंप ऑपरेटरों को फोरमैन के पद पर पदोन्नति हेतु पात्र पाया गया है तथा वर्तमान में फोरमैन के कितने पद 4 प्रतिशत आरक्षण के अंतर्गत पदोन्नति हेतु उपलब्ध हैं; और

(ग) यह भी सत्य है कि उक्त अधिसूचना जारी होने के चार माह व्यतीत हो जाने के

बावजूद भी दिव्यांग पंप ऑपरेटरों की फोरमैन के पद पर पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति (डी0पी0सी0) की बैठक आयोजित नहीं की गई है; यदि हां, तो कारण; सरकार इस हेतु डी0पी0सी0 की बैठक कब तक करवाने का विचार रखती है?

----

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**27 अगस्त, 2026.** **सचिव**